सेंट थॉमस स्कूल, साहिबाबाद

वार्षिक अभ्यास पत्र 2023-24

विषय-हिंदी (002)

समय: 3 घंटे कक्षा: छठी पूर्णांक : 80

(खण्ड क)

प्रश्न-1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 5

समय बहुत मूल्यवान होता है। यह बीत जाए तो लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करके भी इसे वापस नहीं लाया जा सकता। इस संसार में जिसने भी समय की कद्र की है, उसने सुख के साथ जीवन गुजारा है और जिसने समय की बर्बादी की, वह खुद ही बर्बाद हो गया है। समय का मूल्य उस खिलाड़ी से पूछिए, जो सेकंड के सौवे हिस्से से पदक चूक गया हो। स्टेशन पर खड़ी रेलगाड़ी एक मिनट के विलंब से छूट जाती है। छात्रों को तो समय का मूल्य और भी अच्छी तरह समझ लेना चाहिए, क्योंकि इस जीवन में समय की कद्र करके वे अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं।

(क) उपरोक्त गद्यांश में कीमती किसे माना गया है?

(क) जीवन को (ख) अनुशासन को (ग) समय को (घ) खेल को

(ख) किसने सुख के साथ जीवन गुजारा?

(क) जिसने दुनिया में खूब धन कमाया (ख) जिसने मीठी बाणी बोली

(ग) जिसने समय की कद्र की (घ) जिसने समय को बर्बाद किया

(ग) सेकंड के सौवें हिस्से से पदक कौन चूक जाता है?

(क) खिलाड़ी जिसने मामूली अंतर से पदक गंवा दिया हो (ख) वह यात्री जिसकी ट्रेन छूट गई

(ग) उपर्युक्त दोनों लोग (घ) इनमें कोई नहीं

(घ) छात्रों को समय की कद्र करने से क्या लाभ होता है?

(क) वे स्वस्थ हो जाते हैं। (ख) वे मेधावी बन जाते हैं।

(ग) वे सभी विषयों में 100% अंक प्राप्त करते हैं। (घ) वे लोकप्रिय हो जाते हैं।

(ङ) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

(क) समय का मूल्य (ख) जीवन का लक्ष्य

(ग) विद्यार्थी जीवन में समय का महत्त्व (घ) अनुशासन

प्रश्न-2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 5

माँ, ये लहरें भी गाती हैं, कल-कल, मधुर स्वर में अपना गीत सुनाती हैं।<br>
मैं कब से बुला रही इनको, पर मेरे पास नहीं आती हैं।<br>
कुछ खेल खेलती इसलिए, तट तक आकर फिर भाग जातीं हैं।<br>
मैं चलूँ, साथ खेलूँ इनके, देखो ये मुझे बुलाती हैं।<br>
माँ, ये लहरें भी गाती हैं।

(क) लहरें क्या सुनाती हैं?

(क) मधुर स्वर में गीत (ख) कटुवचन के गीत (ग) मधुभाषा के गीत (घ) हिंदी भाषा के गीत

(ख) कौन, किसे बुला रहा है?

(क) माँ बच्चे को (ख) कवि लहरों को (ग) गीत हमें (घ) समय कवि को

(ग) 'तट' शब्द का पर्यायवाची लिखिए।

(क) किनारा (ख) अंबर (ग) नदी (घ) समुद्र

(घ) 'मधुर' शब्द का विलोम लिखिए।

(क) कड़वा (ख) कटु (ग) मधु (घ) शहद

(ङ) पद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(क) लहरें (ख) सागर (ग) उद्योग और परिश्रम (घ) कवि और उसकी माँ

(खण्ड ख)

प्रश्न-3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-

(क) (क) रास्ता (ख) फूल (दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए) 2

(ख) (क) दया करने वाला ------| (ख) जो कम जानता हो ------| (वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए) 2

(ग) (क) ग्रह , गृह (ख) कुल , कूल (श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए ) 2

(घ) (क) दल (ख) बल (अनेकार्थक शब्द लिखिए ) 2

(ङ) (क) राधिका गुड़िया से खेल रही है | (कारक चिह्न छाँटकर भेद लिखिए) 2

(च) (क) धूप (ख) भीतर (विलोम शब्द लिखिए) 1

(छ) (क) बाहर ------- बुला रहा है ? (उचित सर्वनाम शब्द लिखिए) 1

(ज) (क) पुत्र (ख) नेता (लिंग बदलकर पुनः लिखिए) 1

(झ) (क) सखी (ख) गाथा (वचन बदलकर पुनः लिखिए) 1

(ञ) ताजमहल सुन्दर है | (विशेषण छाँटकर भेद लिखिए) 1

(ट) (क) चीता ------ दौड़ता है | (क्रियाविशेषण शब्द लिखिए) 1

(ठ) (क) दर्पन (ख) सिक्षा (शुद्ध रूप लिखिए) 1

(ड) घर को सर पर उठाना | (मुहावरे का अर्थ लिखिए) 1

(ढ) बच्चा किताब पढ़ रहा है | (क्रिया छाँटकर भेद लिखिए) 1

(ण) आज मैं बहुत खुश हूँ | (संज्ञा शब्द छाँटकर भेद लिखिए) 1

(खण्ड ग)

प्रश्न-4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5

सीढ़ियों के पास जाकर राजप्पा ने एक बार झाँककर देखा, फिर जल्दी से दराज़ खोली| अलबम ऊपर ही रखा था| पहला पृष्ठ खोला| उसका दिल तेज़ी से धड़कने लगा| अलबम को झट कमीज़ के नीचे खोंस लिया और दराज़ बंद कर दिया| सीढ़ियाँ उतरकर घर की ओर भागा| घर जाकर सीधा पुस्तक की अलमारी के पास गया और पीछे की ओर अलबम छिपा दिया| उसका पूरा शरीर जैसे जलने लगा था| गला सूख रहा था और चेहरा तमतमाने लगा था|

(क) दराज़ किसने खोली?

(क) नागराजन ने (ख) राजप्पा ने (ग) कामाक्षी ने (घ) किसी ने नहीं

(ख) राजप्पा ने कौन-सा पृष्ठ खोला?

(क) पहला (ख) दूसरा (ग) तीसरा (घ) चौथा

(ग) राजप्पा भागकर कहाँ गया?

(क) सीढ़ियों की ओर (ख) घर की ओर

(ग) विद्यालय की ओर (घ)अन्दर की ओर

(घ) किसका चेहरा तमतमाने लगा था?

(क) नागराजन का (ख) राजप्पा का (ग) कामाक्षी का (घ) सभी का

(ङ) राजप्पा ने अलबम को कहाँ खोंस लिया?

(क) किताबों के नीचे (ख) कमीज़ के नीचे

(ग) हाथ के नीचे (घ) थैले के नीचे

प्रश्न-5. निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 5

मैं सबसे छोटी होऊँ, तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर, फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ, कभी ना छोडूँ तेरा हाथ!
बड़ा बनाकर पहले हमको, तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे, साथ नहीं फिरती दिन-रात!

(क) इस कविता के लेखक कौन हैं ?

(क) भगवत शरण उपाध्याय (ख) सुमित्रानंदन पंत

(ग) कृष्णा सोबती (घ) सुभद्रा कुमारी चौहान

(ख) बालिका क्या होना चाहती है?

(क) सबसे बड़ी (ख) सबसे छोटी (ग) सबकी प्रिय (घ) सामान्य

(ग) बच्ची किसके साथ फिरना चाहती है?

(क) भाई के साथ (ख) बहन के साथ (ग) मित्रों के साथ (घ) माँ के साथ

(घ) बच्ची किसकी गोदी में सोना चाहती है?

(क) कवि की (ख) बहन की (ग) चाचा की (घ) माँ की

(ङ) बड़ा बनाकर बच्चे को कौन छलती है?

(क) मामी (ख) बहन (ग) मित्र (घ) माँ

प्रश्न-6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -

(क) मन-ही-मन कौन कुढ़ रहा था ? 1

(ख) भोज-पत्र की छाल कैसी होती है ? 1

(ग) बारहमासा गीत में कितने महीनों का वर्णन किया गया है ? 1

(घ) कॉलेज के छात्रों को किस भाषा पर गर्व था ? 1

(ङ) बड़ा होने पर माँ क्या नहीं करती ? 1

प्रश्न-7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए -

(क) तुम्हारी माँ तुम लोगों के लिए क्या-क्या काम करती है ? 2

(ख) हेलेन केलर प्रकृति की किन चीजों को छूकर और सुनकर पहचान लेती थी ? 2

(ग) राजप्पा ने नागराजन का टिकट-अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया ? 2

(घ) यह क्यों कहा गया है कि बड़ा बनाकर माँ बच्चे को छलती है ? 2

प्रश्न-8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

(क) 'लोकगीत' नामक निबंध में लोकगीतों के किन पक्षों की चर्चा की गई है ? 3

(ख) गांधी जी ने श्रीमती पोलक के बच्चे का दूध कैसे छुड़वाया ? 3

(ग) लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की ? 3

(घ) 'कुछ ख़ास तो नहीं'- हेलेन की मित्र ने यह जवाब किस मौके पर दिया और यह सुनकर हेलेन को आश्चर्य क्यों नहीं हुआ ? 3

प्रश्न-9. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए - 5

(क) 'नौकरों को हमें वेतनभोगी मज़दूर नहीं, अपने भाई के समान मानना चाहिए। इसमें कुछ कठिनाई हो सकती है, फिर भी हमारी कोशिश निष्फल नहीं जाएगी।' गांधी जी ऐसा क्यों कहते होंगे ? लिखिए ।

या

(ख) कक्षा के बाकी विद्यार्थी स्वयं अलबम क्यों नहीं बनाते थे ? वे राजप्पा और नागराजन की अलबम के दर्शक मात्र क्यों रह जाते हैं ?

(खण्ड घ)

प्रश्न10. खेल-कूद की सामग्री मँगवाने हेतु प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5.

या

अपने परीक्षा परिणाम के विषय में बताते हुए माताजी को पत्र लिखिए।

प्रश्न11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए - 5

(क) शहरी जीवन में बढ़ता प्रदूषण (ख) भारत के प्रसिद्ध पर्व (ग) स्वप्न में चाँद की सैर